4
100 मीटर पुल, पांच दशक का इंतजार, कब पूरा होगा सरकार




## खबर संक्षेप

### शालीमार 01 अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा

**रायगढ़।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 18030/18029 शालीमार-एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 18030 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस में 25 से 31 जुलाई तक तथा गाड़ी संख्या 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस में 27 जुलाई से 02 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी।

### पुणे-हावड़ा के मध्य एक तरफा 01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन

**रायगढ़।** पुणे-हावड़ा के मध्य एक तरफा 01 फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। इस गाड़ी का ठहराव रायगढ़, गोंदिया, दुर्ग, रायपुर तथा बिलासपुर स्टेशनों में दिया गया है। गाड़ी संख्या 01489 पुणे-हावड़ा स्पेशल ट्रेन पुणे से 24 जुलाई शुक्रवार को रात 9.50 बजे रवाना होगी तथा दोपहर 13.00 बजे हावड़ा स्टेशन पहुंचेगी। इस ट्रेन में 02 एसएलआरडी, 07 जनरल, 07 स्लीपर, 03 एसी-III, 01एसी II कोच सहित कुल 20 कोच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### आंगनबाड़ी से विद्यालय तक की सफल यात्रा

**रायगढ़।** जिले में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ आधार प्रदान करने की दिशा में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार छह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों का विभिन्न विद्यालयों में शाला प्रवेश कराया गया। इस अभियान के तहत 8,486 बच्चों ने विद्यालयी शिक्षा की नई शुरुआत की। शाला प्रवेश से पूर्व सभी बच्चों को आंगनबाड़ी केन्द्रों से विद्यारंभ प्रमाण.पत्र प्रदान किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों में समेकित बाल विकास सेवा आईसीडीएस के अंतर्गत बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं के साथ प्रारंभिक एवं अनौपचारिक शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाती है, जिससे वे विद्यालयी शिक्षा के लिए पूरी तरह तैयार होकर प्रवेश लें। आंगनबाड़ी केन्द्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की पहली पाठशाला के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यहां बच्चों में सीखने की रुचिए सामाजिक व्यवहार और विद्यालयीन वातावरण के अनुरूप आवश्यक कौशल विकसित किए जाते हैं। यही कारण है कि विद्यालय में प्रवेश के समय बच्चे आत्मविश्वास के साथ अपनी नई शैक्षणिक यात्रा शुरू कर रहे हैं।

### फल विक्रेता पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुराना शनि मंदिर के पास फल विक्रेता पर चाकू से हमला कर फरार हुए आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार जूटमिल थाना क्षेत्र के सोनूमुड़ा नवापारा निवासी बलराम यादव पुराना शनि मंदिर के पास फल का ठेला लगाकर जीविकोपार्जन करते हैं। बीते 14 मई की दोपहर उनका परिचित मोहम्मद अफसर उर्फ अफसर खान उनके पास पहुंचा और शराब पीने के लिए रुपए मांगे। बलराम ने मानवीय आधार पर उसे 100 रुपए दे दिए। कुछ देर बाद आरोपी दोबारा आया और फिर पैसे मांगने लगा। इस बार मना करने पर उसने फल काटने वाले चाकू से बलराम पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद पीड़ित की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला कायम कर विवेचना शुरू की गई। बाद में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर मोहम्मद अफसर उर्फ अफसर खान 37 निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर जब्त कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### बीते तीन सालों से नहीं हुई शिक्षकों की भर्ती, अभिभावक भी कर चुके मांग

# 77 पद खाली, अंग्रेजी-गणित के शिक्षक नहीं आत्मानंद स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सरकारी शिक्षा की तस्वीर बदलने के लिए शुरू किए गए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय आज खुद स्टाफ संकट से जूझ रहे हैं। जिन स्कूलों को निजी संस्थानों का विकल्प बताया गया था, वहीं शिक्षकों और प्रयोगशाला सहायकों की भारी कमी ने व्यवस्था की पोल खोल दी है। जिले में संचालित 10 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में शिक्षकों और शैक्षणिक स्टाफ की भारी कमी से शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इन स्कूलों में 367 पद स्वीकृत हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 290 पदों पर ही नियुक्तियां हो सकी हैं। यानी 77 पद अब भी रिक्त हैं, जिसका सीधा असर हजारों विद्यार्थियों की पढ़ाई पर पड़ रहा है।

सबसे गंभीर स्थिति यह है कि रिक्त पदों में व्याख्याता, सहायक शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक जैसे महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, जीव विज्ञान, वाणिज्य और कला संकाय के शिक्षकों की कमी के कारण नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कई स्कूलों में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ शिक्षक नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के सरकार के दावों पर सवाल उठ रहे हैं। गौरतलब है कि पहले आत्मानंद विद्यालयों में जिला स्तर पर भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से रिक्त पदों को भरा जाता था। इसके लिए विज्ञापन भी जारी किया गया था, लेकिन प्रक्रिया शुरू होने से पहले ही शासन स्तर से जिला स्तरीय भर्ती निरस्त कर दी गई। इसके बाद निर्णय लिया गया कि रिक्त पदों पर भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित कर नियुक्तियां की जाएंगी। हालांकि अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे दर्जनों पद लंबे समय से खाली पड़े हैं। शिक्षा विभाग का कहना है कि रिक्त पदों के कारण फिलहाल प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों की व्यवस्था कर कक्षाओं का संचालन कराया जा रहा है, ताकि पढ़ाई पूरी तरह बाधित न हो। हालांकि यह व्यवस्था स्थायी समाधान नहीं मानी जा रही हैए क्योंकि प्रतिनियुक्त शिक्षकों पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होने से शिक्षण की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है।

#### विज्ञान विषय के विद्यार्थियों को भी परेशानी

विज्ञान विषय के विद्यार्थियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रयोगशाला सहायकों के पद खाली होने से प्रायोगिक कक्षाएं नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं। ऐसे में छात्र केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित रह जा रहे हैं, जबकि प्रयोगात्मक शिक्षा विज्ञान अध्ययन का अहम हिस्सा मानी जाती है।

#### एलकेजी और यूकेजी में भी शिक्षक नहीं

स्थिति इतनी गंभीर है कि एलकेजी और यूकेजी जैसी शुरुआती कक्षाओं के लिए भी पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। शिक्षकों की कमी के कारण इन दोनों कक्षाओं का संचालन कई स्थानों पर प्रभावित है। इसका असर छोटे बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा पर पड़ रहा है। इसी समस्या को लेकर कुछ दिन पहले अभिभावकों ने प्रशासन के समक्ष अपनी चिंता जताते हुए जल्द शिक्षकों की नियुक्ति की मांग भी की थी।

### पीआईएल प्लांट में फर्नेश पंक्वर, तीन मजदूर झुलसे

**चांपा।** प्रकाश इण्डस्ट्रीज में फर्नेश पंक्वर होने से तीन ठेका श्रमिक झूलस गए। प्लांट के 15 टन आयल रिंग के नंबर 1 चैनल में बुधवार की रात हादसा हुआ। हादसे में घायल तीनों मजदूरों को भिलाई रेफर किया गया है। प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में बुधवार की रात काम चल रहा था। इसी दौरान रात करीब 11.30 बजे 15 टन ऑयल रिंग के नंबर 1 चैनल में एक हादसा हो गया। फर्नेश पंक्वर होने से गर्म भाप के साथ लावा निकला। मौके पर काम कर रहे तीन ठेका श्रमिक इसकी चपेट में आ गए। ठेका श्रमिक गेंदराम पटेल, गंगा प्रसाद पटेल और पंच राम यादव झूलस गए। मौके पर अफरा तफरी मच गई। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भिलाई रेफर कर दिया गया। तीनों मजदूर मेसर्स अनमोल यादव एंड कंपनी के माध्यम से ठेका श्रमिक के रुप में कार्यरत हैं। हादसे के कारण की जांच शुरू कर दी गई है। पी आई एल में पूर्व में भी फर्नेश पंक्चर की घटना हो चुकी है। कारखाने में स्थापित फर्नेश क्षमता 15 टन में 24 अप्रैल को हुई घटना में 6 मजदूर घायल हुए थे। इससे पहले अप्रैल 2024 में कंपनी के 15 टन फर्नेश में ब्लास्ट हो चुका है।

## एनएच किनारे फ्लाईऐश डंप, परिवहन ठेकेदार नवकार ट्रांसपोर्ट के 9 वाहन एनटीपीसी ने किया ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी ने फ्लाईऐश परिवहन कंपनी नवकार ट्रांसपोर्ट के 9 गाड़ियों को हमेशा के लिए ब्लैक लिस्ट कर दिया है। इस ट्रांसपोर्ट कंपनी को एनटीपीसी से फ्लाईऐश परिवहन कर अन्य जिलों में निर्माणाधीन एनएच में डालने का ठेका दिया गया था। यह कंपनी बाहर जाने के बजाए लोकल स्तर पर एनएच किनारे पूरा एश डंप कर रहा था। परिवहन व्यय बचाने के लिए यह साजिश कंपनी की ओर से रची गई थी। जांच में खुलासा होने के बाद इस कंपनी की गाड़ियों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है।

एनएचएआई ने एनटीपीसी से फ्लाईऐश परिवहन का टेंडर जारी किया था। टेंडर नवकार ट्रांसपोर्ट को मिला था। यह ट्रांसपोर्ट कंपनी इतनी गड़बड़ी कर रही थी कि एनटीपीसी को इनकी गाड़ियों को ब्लैक लिस्ट करनी पड़ गई। जानकारी के अनुसार इस ट्रांसपोर्ट कंपनी को एनटीपीसी से फ्लाईऐश का परिवहन कर अन्य जिलों में निर्माणाधीन एनएच में डंप करना था। यह कंपनी तय स्थान में डंप करने के बजाए रायगढ़ के ही किसी एनएच किनारे डंप कर दे रहा था। खास बात यह है कि ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में न तो जीपीएस लगा था और न ही पोर्टल में एंट्री भी नहीं करते थे। इसके कारण ऐश को कहां डंप कर रहा था इसकी जानकारी नहीं मिल पा रही थी। काफी समय बाद जब इसकी जानकारी मिली तो पहले पर्यावरण विभाग ने गाड़ियों पर चार लाख की पेनाल्टी लगाई। इसके बाद एनटीपीसी ने कार्रवाई की।

#### जीपीएस और पोर्टल का चलन बंद

फ्लाईऐश परिवहन वाली गाड़ियों में जीपीएस जरुरी है। इसके अलावा र पोर्टल में एंट्री भी जरुरी रहता है, लेकिन ट्रांसपोर्ट कंपनियां परिवहन व्यय बचाने के लिए यह सब करते ही नहीं है। इसके कारण जहां जह मिला वहां ऐश को डंप कर देते हैं। इसके कारण लोगों को प्रदूषण का शिकार होना पड़ता है।

#### तीन गाड़ियों पर पेनाल्टी

तय जगह में डंप करने के बजाए अपने मर्जी से डंप करने के कारण पर्यावरण विभाग ने नवकार ट्रांसपोर्ट कंपनी के तीन गाड़ियों पर 3 लाख 53 हजार 760 रुपए पेनाल्टी लगाया था। जानकारी के अनुसार वाहनों की जानकारी आईडब्ल्यूएमएमएस पोर्टल में दर्ज नहीं की गई थी। इसमें जीपीएस भी नहीं मिला था। पर्यावरण विभाग ने गाड़ी पकड़ी। तीनों गाड़ियों पर प्रति टन 1500रुपए के हिसाब से जुमार्ना लगाया गया। इसमें 235.84 एमटी फ्लाईऐश परिवहन किया गया था। जिन गाड़ियों पर पेनाल्टी लगाई गई है उसमें सीजी 13 एआर 6626, सीजी 13 एआर 9418 और सीजी 13 एआर 6625 शामिल है। इन तीनों वाहनों से अमलीभौना कोसमनारा मोड़ और जोरापाली मोड़ के पास एनएच किनारे डंप कर दिया गया था।

## 44 लाख की शिकायत से खुला 1.10 करोड़ की ठगी का खेल, वाहन कारोबारी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



#### जमीन और वाहन खरीदी-बिक्री के नाम पर कई लोगों को बनाया शिकार

तमनार पुलिस ने वाहन खरीदी-बिक्री और जमीन दलाली की आड़ में करोड़ों की ठगी करने वाले कथित मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर एक बड़े आर्थिक अपराध का खुलासा किया है। शुरुआती जांच में आरोपी द्वारा 10 से 15 लोगों से एक करोड़ 10 लाख से अधिक की धोखाधड़ी करने की जानकारी सामने आई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर ठगी की रकम से खरीदी गई करीब 20 लाख कीमत की एक स्कॉर्पियो और एक बोलेरो भी जब्त की है।

जानकारी के अनुसार रायगढ़ निवासी सद्दाम हुसैन और उनके साथी सुरेश मानिकपुरी ने थाना तमनार में शिकायत दर्ज कराई थी कि ग्राम पड़िगांव निवासी कृष्ण कुमार साहू ने वाहन कारोबार में निवेश और मुनाफे का झांसा देकर उनसे लगातार रकम ली। बाद में पैसा लौटाने के नाम पर अपनी जमीन बेचने की बात कही और उसी आधार पर और राशि ले ली। आरोप है कि जमीन का सौदा करने के बाद भी आरोपी ने उसी भूमि की रजिस्ट्री किसी अन्य व्यक्ति के नाम कर दी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने सद्दाम हुसैन से 22 लाख रुपए तथा सुरेश मानिकपुरी से 22.40 लाख कुल 44.40 लाख की ठगी की। शिकायत के आधार पर तमनार थाना में धारा 318,4 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

#### 15 लोगों से की गई ठगी

पूछताछ के दौरान आरोपी कृष्ण कुमार साहू ने धोखाधड़ी की बात स्वीकार कर ली। उसके निशानदेही के आधार पर पुलिस ने ठगी की रकम से खरीदी गई स्कॉर्पियो और बोलेरो वाहन जब्त किए। आगे की जांच में पुरुषोत्तम सिदार, दिनेश शर्मा, संतोष साहू, मनोज सारथी सहित कई अन्य लोगों के साथ भी इसी तरह की ठगी का खुलासा हुआ। पुलिस का कहना है कि अब तक 10 से 15 पीड़ितों से एक करोड़ 10 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी की पुष्टि हो चुकी हैए जबकि अन्य लोग भी शिकायत लेकर सामने आ रहे हैं। आरोपी के बैंक खातों, आर्थिक लेन.देन, चल.अचल संपत्तियों और संभावित अन्य पीड़ितों की भी जांच की जा रही है।

## बाहुड़ा यात्रा में महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु



**सरिया।** बाहुडा यात्रा के अवसर पर महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा धूम धाम से निकाली गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। बाहुडा यात्रा भगवान जगन्नाथ एवं उनके बड़े भाई बलभद्र व उनकी बहन सुभद्रा की मौसी घर से मुख्य जगन्नाथ मंदिर में वापसी का प्रतीक है। वार्षिक रथ यात्रा के 9 दिन बाद देवताओं की वापसी का यह उत्सव सरिया में बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। श्रद्धालु जन भक्ति भाव से रथ को खींच रहे थे।बाहुडा यात्रा के दौरान व्रत में देवताओं की झलक देखने से बहुत शुभ माना जाता है। बाहुडा यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौसी मंदिर पहुंचे। सुबह से ही यात्रा के लिए विधि विधान से पूजा पाठ प्रारंभ हुई। पहंडी बीज की अनुष्ठान के बाद महाप्रभु जगन्नाथ मंदिर नंदी घोष रथ में विराजमान हुए। इस दौरान चारों ओर हरि बोल व जय जगन्नाथ की ध्वनि गूंज रही थी। भगवान का पहंडी बीज के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के ऊपर पुष्प वर्षा करते हुए।छेरा पहरा के बाद रथारूढ किया गया और कीर्तन भजन एवं घंटिया की धुन के बीच महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का रथ गांधी चौक मेला स्थल लाया गया। तत्पश्चात यहां श्रद्धालुओं के लिए दर्शन हेतु रखा गया। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से महाप्रभु जगन्नाथ की पूजा पाठ के बाद भगवान को श्री मंदिर पहुंचाया गया। पवित्र बाहुडा यात्रा के दौरान गजपति राजा से सम्मानित ग्राम गौंटिया मिनकेतन प्रधान का सम्मान फूल माला पहनकर नगर के प्रथम नागरिक कमलेश अग्रवाल के द्वारा सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल एवं ग्राम गौटिया मिनकेतन प्रधान के मुख्य आतिथ्य में बाहुडा यात्रा धूम.धाम से संपन्न हुआ।

## नाबालिग का शारीरिक शोषण, गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




भूपदेवपुर पुलिस ने दुष्कर्म के गंभीर मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। जानकारी के अनुसार दिनांक 20 जुलाई को एक महिला अपनी पुत्री के साथ भूपदेवपुर पुलिस के पास पहुंची और ग्राम जैमुड़ा निवासी शिव कुमार चौहान 20 के विरुद्ध बहला-फुसलाकर ले जाने एवं दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पुत्री बीते 14 जुलाई को अपने रिश्तेदार के घर घरघोड़ा गई थी, जहां से वह लापता हो गई। परिवारजन उसकी तलाश कर रहे थे तभी आरोपी ने स्वयं फोन कर बताया कि वह युवती को अपने साथ गांव ले आया है और उससे शादी करेगा। परिजनों द्वारा लगातार तलाश किए जाने पर आरोपी 19 जुलाई को युवती को उसके घर छोड़कर फरार हो गया। पीड़िता ने परिजनों को बताया कि आरोपी उसे ग्राम टेंडा नवापारा से मोटर साइकिल में बैठाकर शादी का झांसा देकर अपने गांव जैमुड़ा ले गया, जहां अपने घर में 6-7 दिनों तक उसकी इच्छा के विरुद्ध लगातार शारीरिक संबंध बनाकर दुष्कर्म किया। थाना प्रभारी भूपदेवपुर रोशन कौशिक द्वारा महिला उप निरीक्षक संध्या रानी कोका ने पीड़िता का कथन दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध किया।

टीआई ने पुलिस टीम के साथ आरोपी के संभावित ठिकानों पर दबिश दी और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है। आरोपी के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

### जिला पंचायत के बाद अब तमनार जनपद सीईओ भी तबादले के बावजूद जमे

# तबादले के बाद भी कुर्सी का मोह नहीं छोड़ रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में शासन के तबादला आदेशों की प्रभावशीलता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शासन द्वारा 15 दिनों के भीतर कार्यमुक्त होकर नई पदस्थापना पर कार्यभार ग्रहण करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद तमनार जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार चंद्रा करीब दो माह बाद भी पुराने पद पर बने हुए हैं। इससे पहले जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी के मामले में भी लंबे समय तक तबादला आदेश का पालन नहीं होने पर विवाद खड़ा हुआ था। लगातार सामने आ रहे ऐसे मामलों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर रायगढ़ में शासन के स्थानांतरण आदेशों का पालन कौन सुनिश्चित करेगा और समय.सीमा बीतने के बाद भी जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। आदिम जाति विकास विभाग द्वारा बीते 30 जून को जारी स्थानांतरण आदेश में तमनार जनपद पंचायत के सीईओ संजय कुमार चंद्रा का तबादला जनपद पंचायत कुनकुरी जिला जशपुर किया गया था। आदेश में स्पष्ट उल्लेख है कि सभी स्थानांतरित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर वर्तमान पद से कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा तथा नए अधिकारी को प्रभार सौंपना होगा, लेकिन आदेश जारी होने के कई सप्ताह बाद भी संजय कुमार चंद्रा तमनार जनपद पंचायत में ही कार्यरत बताए जा रहे हैं। इससे यह सवाल उठ रहा है कि जब शासन ने स्पष्ट रूप से समय.सीमा तय कर दी है तो उसका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा है। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ नीला राम पटेल भी मार्च 2024 में तबादला होने के बावजूद करीब डेढ़ वर्ष तक जिले में जमे हुए है। उनके मामले में तो शासन को बार-बार आदेश, स्मरण पत्र, भारमुक्त करने के निर्देश और कारण बताओ नोटिस तक जारी करने पड़ेए फिर भी आदेश का पालन समय पर नहीं हो सका है। अहम बात यह है कि यह मामला प्रशासनिक व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

#### हाईकोर्ट ने भी तबादले पर दिया स्पष्ट आदेश


मुख्य बात यह है कि कुछ समय पहले ही छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने हाल में ही एक याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया था कि तबादला शासकीय सेवा का एक सामान्य हिस्सा है और यदि प्रशासनिक आवश्यकता या जनहित में स्थानांतरण आदेश जारी कर दिया गया है, तो संबंधित विभाग केवल इस आधार पर कर्मचारी को कार्यमुक्त करने से इनकार नहीं कर सकता कि उसकी जगह कोई दूसरा विकल्प या कर्मचारी उपलब्ध नहीं है। तबादले को लेकर हाई कोर्ट द्वारा दिए गए इस महत्वपूर्ण फैसले के बाद भी लगातार जिले में शासन के स्थानांतरण आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

#### शासन के आदेश को गंभीरता से नहीं ले रहे अधिकारी

जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ के बाद अब तमनार जनपद सीईओ संजय कुमार चंद्रा का मामला सामने आने से यह धारणा और मजबूत हो रही है कि रायगढ़ में कुछ अधिकारी शासन के स्थानांतरण आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि यदि सामान्य कर्मचारियों द्वारा आदेश की अवहेलना करने पर तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है, तो वरिष्ठ अधिकारियों के मामले में शासन की सख्ती क्यों दिखाई नहीं देती।

## 26.48 किलो गांजा के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



लैलूंगा पुलिस ने ओड़िशा से यूपी ले जा रहे 26.484 किलो गांजे के साथ एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा के साथ तस्करी में प्रयुक्त कार भी जब्त की है। जब्त सामग्री की कीमत 16.24 लाख आंकी गई है। पुलिस को सफेद रंग की कार ओडी.15.पी.1800 में गांजा लेकर एक तस्कर लैलूंगा, पत्थलगांव मार्ग से यूपी की ओर ले जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने कटकलिया, फोकटपारा तिराहा के पास घेराबंदी कर वाहन को रोका। पुलिस को देखकर चालक ने कार मोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अर्जुन उपाध्याय 24 निवासी कैथापुर थाना राजा तालाब, जिला वाराणसी बताया और ओडिशा से गांजा लाकर उत्तर प्रदेश ले जाने की बात स्वीकार की। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत तलाशी लेने पर कार से 13 पैकेटों में पैक 26.484 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 13.24 लाख तथा कार की कीमत करीब 3 लाख है। आरोपी के खिलाफ लैलूंगा थाने में धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।



# 3 घंटे में जननायकन ने छू लिया देश का हर मुद्दा

**नई दिल्ली।** थलापति विजय की तीन घंटे तीन मिनट की फिल्म जननायकन रिलीज हो गई है। फिल्म ने देश का मुद्दा छू लिया है। ये पूरी तरह से एक मासी फिल्म है जिस तरह की फिल्मों के लिए विजय को पहचाना जाता है। फिल्म में भ्रष्टाचार की मिसाल के तौर पर प्रमुखता से आते हैं प्रकाश राज. किस तरह से राजनीति के नाम पर जनता को ठगा जाता है और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है, उसके वो प्रतीक हैं। अक्सर नकली शराब से लोगों की मौत की खबरें आती है। फिल्म में जब थलापति विजय इंस्पेक्टर होते हैं तो वो जहरीली शराब पर लगाम कसने की कोशिश करते हैं और कामयाब भी होते हैं।

लाइफ Style

# तेजस्विनी

## आईवीएफ से बदल गया शरीर का शेफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मॉडल और एक्ट्रेस तेजस्विनी कोल्हापुरे ने पहली बार आईवीएफ के दौरान झेली गई मुश्किलों के बारे में खुलकर बात की है। पद्मिनी कोल्हापुरे की छोटी बहन और श्रद्धा कपूर व सिद्धांत कपूर की मौसी तेजस्विनी ने बताया कि मां बनने का उनका सफर बिल्कुल आसान नहीं था। उन्होंने कहा, 'इसका मुझ पर शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत बुरा असर पड़ा।

मैं तब जैसी थी और अब जैसी हूं, उसमें काफी फर्क आ गया है। मानसिक रूप से मैं पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हूं। शारीरिक रूप से, इतने सारे इंजेक्शन की वजह से मेरे शरीर का आकार ही बदल गया है। मैंने 1000 से ज्यादा इंजेक्शन लगवाए। अगर आपकी प्रेग्नेंसी पॉजिटिव आती है तो इंजेक्शन बंद कर दिए जाते हैं। लेकिन, मेरा नहीं हुआ। इसलिए, मैंने इसे पांच बार किया। पांचवीं बार मैं लकी रही। इस बीच मेरे दो मिसकैरेज हुए। आप मानसिक रूप से टूट जाते हैं। यह एक मुश्किल वक्त था।' उन्होंने कहा कि आईवीएफ के दौरान उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा और यह उनके जीवन का सबसे कठिन समय था। तेजस्विनी ने बताया कि उन्होंने एक-दो नहीं बल्कि पांच बार आईवीएफ कराया। उनके मुताबिक यह प्रक्रिया बेहद दर्दभरी होती है और हर बार क्लिनिक जाकर इंजेक्शन लगवाना आसान नहीं होता। उन्होंने कहा कि इसके लिए इंसान को मानसिक रूप से बहुत मजबूत बनना पड़ता है। साथ ही उन्होंने महिलाओं को सलाह दी कि अगर संभव हो तो 35 साल की उम्र से पहले परिवार बढ़ाने की योजना बना लेनी चाहिए।



हॉलीवुड मसाला



# बायोपिक की रिलीज डेट का ऐलान

**लॉस एंजिल्स।** रैप आइकन और एक्टर स्नूप डॉग की जिंदगी पर बनने वाली बायोपिक अब आधिकारिक तौर पर आ रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यूनिवर्सल पिक्चर्स इस फिल्म को 6 अगस्त 2027 को रिलीज करेगा। यह फिल्म स्नूप डॉग के एक कलाकार से लेकर बड़े म्यूजिक मोगुल और गैंगस्टा रैप आइकन बनने तक के सफर को दिखाएगी। इस फिल्म को क्रेग ब्रेवर डायरेक्ट करेंगे, जो 'हसल एंड फ्लो' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। स्क्रिप्ट को उन्होंने जो रॉबर्ट कोल की ओरिजिनल कहानी पर दोबारा लिखा है।



# डेडपूल में फिर वेड विल्सन बनकर लौटेंगे रयान...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार रयान रेनॉल्ड्स ने कन्फर्म किया है कि नई 'डेडपूल' फिल्म पर काम शुरू हो चुका है और वह एक बार फिर वेड विल्सन के किरदार में नजर आएंगे। रयान ने यह जानकारी फैनैटिक्स फेस्ट 2026 के दौरान दी। इससे पहले वह ह्यू जैकमैन के साथ 'डेडपूल एंड वूल्वरिन' में नजर आए थे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया था। इवेंट के दौरान रयान ने कहा कि फिल्मों में अभी भी कॉमिक्स के कई दिलचस्प हिस्से दिखाना बाकी है। उन्होंने बताया, 'ऐसी कई चीजें हैं जो फिल्मों में अभी तक नहीं दिखीं। कुछ शानदार काम फैबियन निकीजा और गेरी डगन जैसे राइटर्स ने किया है, जिन्हें मैं बहुत पसंद करता हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'कुछ नया आने वाला है और हां, आगे चलकर एक और 'डेडपूल' फिल्म जरूर बनेगी। यह बहुत शानदार होगी।'



# कहां चले गए.. गाने में प्रीति की आंखें नम


**मुंबई।** 'बंटवारा 1947' का पहला गाना 'कहां चले गए हो राम' रिलीज हो गया है। यह एक दिल को छू लेने वाला म्यूजिकल ट्रिब्यूट है जो फिल्म की इमोशनल कहानी को दिखाता है। यह गाना फिल्म की इमोशनल भावना को बहुत अच्छे से दिखाता है और एक मां के प्यार, तड़प और अटूट विश्वास को दिल को छू लेने वाले अंदाज में पेश करता है। वीडियो की शुरुआत सनी देओल और प्रीति जिंटा के शबाना आजमी के पीछे खड़े होने से होती है, जो भगवान राम से पूरे दिल और शालीनता के साथ प्रार्थना कर रही हैं। इसके बाद एक शानदार पार्टी के सीन दिखाए जाते हैं। इसे ए.आर. रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल मशहूर गीतकार जावेद अख्तर ने लिखे हैं। इस दिल को छू लेने वाले गाने को अनुराधा पौडवाल और शान की सदाबहार आवाजों ने जीवंत किया है।




# रोमांचकम का पहला गाना रिलीज...

**नई दिल्ली।** साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक वेणु गोपाल रेड्डी रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'रोमांचकम' का पहला गाना 'राधा रमना' गुरुवार को रिलीज कर दिया गया। गाने को वासुकी वैभव ने अपनी आवाज देने के साथ-साथ संगीतबद्ध भी किया है और बोल चंद्रबोस ने लिखे हैं। कुछ हफ्ते पहले निर्माताओं द्वारा फिल्म की एक झलक जारी किए जाने के बाद फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है। इसकी शुरुआत में सुमंत प्रभास और अनंतिका सनिल कुमार के किरदारों को एक-दूसरे के प्यार में पूरी तरह डूबा हुआ दिखाया गया है। शुरुआत देखकर लगता है कि यह जोड़ी एक-दूसरे के लिए ही बनी है, लेकिन वीडियो के दूसरे हिस्से में दोनों किरदार एक-दूसरे से नफरत करने लगते हैं। फिल्म में अभिनेता उपेंद्र लिमये का किरदार भी दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाता है।

टीवी मसाला



# दूरदर्शन के इस शो ने बच्चे-बच्चे को था सुधारा

**नई दिल्ली।** 90 के दशक का पॉपुलर शो 'शक्तिमान' बच्चों का पसंदीदा शो था। जब टीवी पर शक्तिमान आता तो मोहल्ले की गलियों शांत हो जातीं। ये शो आज भी कई लोगों की यादों में ताजा है। शो में मुकेश खन्ना ने दो अलग-अलग किरदार निभाए थे। एक किरदार था सुपर शक्तिमान और दूसरा फिल्म जर्नलिस्ट पंडित गंगाधर विद्याधर मायाधर ओंकारनाथ शास्त्री. यह शो न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करता था बल्कि बच्चों को अच्छी बातें भी सिखाता था। बच्चों का यह फेवरेट सुपरहीरो सीरियल केवल और केवल मुकेश खन्ना की मेहनत का नतीजा था। इस शो के लिए मुकेश ने सब कुछ दांव पर लगा दिया। फंड की कमी हुई तो उन्होंने कर्ज तक लिया। मुकेश खन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया कि शो बनाने का आइडिया उनके पड़ोस में रहने वाले एक बच्चे के खिलौनों को देखकर आया। बच्चा अपने खिलौनों के साथ खेलता ही नहीं, उन्हें साफ-सुथरा भी रखता था। इससे उनके मन में भारत का अपना सुपरहीरो कैरेक्टर बनाने का ख्याल जगा। उस समय सुपरहीरो शो बनाने के लिए काफी पैसे की जरूरत थी, जो उनके पास नहीं था। ऐसे में उन्होंने एक शख्स से 75 लाख रुपए उधार लिए। शो सक्सेसफुल होने के बाद उन्होंने वे पैसे लौटाए और उस शख्स ने मुकेश से कोई ब्याज भी नहीं लिया। 13 सितंबर 1997 को दूरदर्शन पर शुरू हुआ 'शक्तिमान' जल्द ही बच्चों का पसंदीदा शो बन गया। इसकी टीआरपी भी बहुत अच्छी थी। लेकिन, शो की सक्सेस के साथ दूरदर्शन ने टेलीकास्ट फीस बढ़ा दी, जिससे मुकेश खन्ना को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

## रात होते ही इस शहर में निकल आते हैवान

**नई दिल्ली।** अगर आपको वेब सीरीज देखना पसंद है और आपकी फेवरेट लिस्ट में डार्क, स्ट्रेंजर थिंग और लॉस्ट जैसी मिस्ट्री और हॉरर वेब सीरीज शामिल हैं, तो फ्रॉम आपके लिए एक परफेक्ट बिंज वॉच सीरीज साबित हो सकती है। अगर आप भी लंबी वेब सीरीज की तलाश मे हैं तो ये आपके लिए बिल्कुल परफेक्ट है। साल 2022 में अमेजन प्राइम वीडियो पर आई फ्रॉम को दुनिया की सबसे फेमस हॉरर-मिस्ट्री सीरिजों में से एक में गिना जाता है। इसकी सबसे बड़ी खासियत ये है कि इसके हर सीजन में आपको एक अलग ही एंगल देखने को मिलेगा और इसका रहस्य गहराता जाएगा। ये कहानी है एक ऐसे रहस्यमयी छोटे शहर की है जहां पहुंच जाने पर उस शहर से कोई कभी वापस नहीं जा पाता है। इस शहर से बाहर निकलने के लिए कोई भी रास्ता चुनो, लेकिन वापस वो आपको उसी जगह पर ले आता है



# इस वीकएंड ओटीटी पर देख पाएंगे दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमाघरों में हॉलीवुड फिल्म द ओडिसी धमाका कर रही है। विजय की फिल्म जन नायकन भी दस्तक दे चुकी है। मनोरंजन के शौकीनों के पास बारिश के इस सुहाने मौसम में थिएटर जाने के पर्याप्त विकल्प हैं। लेकिन, वीकएंड पर अगर आप घर बैठे ओटीटी पर ही कुछ शानदार सिनेमा देखना चाहते हैं तो इस बार ओटीटी पर भी खूब बहार रहेगी।

### आदर्श बाल विद्यालय

हिमांक गौर के निर्देशन में बनी कॉमेडी-ड्रामा सीरीज आदर्श बाल विद्यालय आप इस वीकएंड देख सकते हैं। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर 24 जुलाई से स्ट्रीम होगी। सीरीज में केके मेनन, अर्चना पूरन सिंह, नवीन कस्तूरिया, प्रसन्ना बिष्ट, देवेन भोजानी, अजितेश गुप्ता, अन्नपूर्णा सोनी, प्राची शाह और अभिमन्यु सिंह नजर आएंगे।

### मुसाफिर कैफे

विक्रांत मैसी, वेदिका पिंटो और महिमा मकवाना की 'मुसाफिर कैफे' इस वीक की बहुप्रतीक्षित



सीरीज है। यह इस फ्राइडे रिलीज हो रही है। इसकी कहानी चंदर (विक्रांत मैसी) सुधा (वेदिका पिंटो) और प्रीति (महिमा मकवाना) के इर्द-गिर्द है। यह रोमांटिक सीरीज 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

### पल्लीचट्टंबी

टोविनो थॉमस और कायाडू लोहार की मलयालम भाषा की पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म 'पल्लीचट्टंबी' भी इस शुक्रवार को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह 15 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब 24 जुलाई से यह सोनी लिव पर स्ट्रीम होगी।

### स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स'

'स्टुअर्ट फेल्स टू सेव द यूनिवर्स' भी 24 जुलाई से ओटीटी पर आ रही है। यह 'द बिग बैंग थ्योरी' के स्पिन-ऑफ के रूप में बनी साइंस-फिक्शन कॉमेडी सीरीज है, जिसके 10 एपिसोड्स हैं। इसमें स्टुअर्ट ब्लूम (केविन सुसमन) को एक बहु-ब्रह्मांडीय संकट से दुनिया को बचाना है। यह जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### ब्लीच-थाउजेंड-ईयर ब्लड वॉर

इसका लुत्फ भी आप इस वीकएंड उठा सकते हैं। यह सीरीज 25 जुलाई, 2026 से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। इस शो की पूरी कहानी सोल रीपर्स और क्विंसी साम्राज्य की आपसी दुश्मनी के इर्द-गिर्द घूमती है।

### 72 आवर्स

यह एक अमेरिकी कॉमेडी फिल्म है। इसका निर्देशन टिम स्टोरी ने किया है। इसमें केविन हार्ट लीड रोल में हैं। उनके अलावा मार्सेलो हर्नांडिज, मेसन गुडिंग, कैम पैटरसन, बेन मार्शल सहित कई और सितारे भी हैं। यह फिल्म 24 जुलाई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

# किल के बाद बदल गया लोगों का नजरिया : राघव

मुंबई। एक वक्त था, जब ज्यादातर लोग राघव जुयाल को डांसर, एंकर या टीवी चेहरे के तौर पर जानते थे। फिर साल 2024 में आई फिल्म 'किल'। इसमें निभाए उनके किरदार ने न सिर्फ ऑडियंस को चौंकाया, बल्कि इंडस्ट्री को भी उन्हें नए नजरिए से देखने पर मजबूर कर दिया। अब राघव पहली बार फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में लीड हीरो बनकर बड़े पर्दे पर आ रहे हैं। हालांकि, इस पूरे सफर में अगर कोई चीज उन्हें सबसे ज्यादा खुशी देती है, तो वह माता-पिता के चेहरे पर दिखने वाला गर्व है। राघव कहते हैं कि संघर्ष उन्होंने पहले भी किया था, लेकिन 'किल' के बाद पहली बार उन्हें महसूस हुआ कि लोग उन्हें अलग नजर से देखने लगे हैं। 'जब आप एक कदम आगे बढ़ते हो तो सबको प्रूव करना पड़ता है। मां-बाप को भी और इंडस्ट्री को भी। मुझे भी प्रूव करना पड़ा। 'किल' के बाद मेरे लिए लोगों का परसेप्शन रातों-रात बदल गया। ऐसा बदलाव मैंने अपने



एक्सपीरियंस में पहले कभी नहीं देखा था। कपिल शर्मा भाई ने भी मुझसे कहा था कि 'जो परसेप्शन चेंज तू कर रहा है, वो बहुत अलग है।' टीवी इंडस्ट्री के जितने भी लोग थे, सबने फोन किया। सब कह रहे थे कि पता नहीं क्यों, लेकिन ऐसा लग रहा था कि हमने भी ये क्रैक कर दिया। वो इमोशन मेरे लिए बहुत बड़ा था।' राघव मानते हैं कि उनके करियर की सबसे बड़ी ताकत टैलेंट से पहले आत्मविश्वास रहा। 'यही चीज मुझे मोटिवेट करती रही कि मैं हमेशा अपने ऊपर भरोसा करता रहा। इतने साल साइड में रहा, लेकिन मेरे अंदर से कभी ये चीज नहीं गई कि मुझे यही बनना है। मैं कभी मीडियोकर माइंडसेट में नहीं रहा। 16 साल बहुत लंबा वक्त होता है, लेकिन जब तुम अंदर से सोच लेते हो कि तुम यही हो, तो धीरे-धीरे बाहर भी वही होने लगता है।' राघव अपने संघर्ष को किसी शिकायत की तरह नहीं, बल्कि सीख की तरह देखते हैं। 'लाइफ में अनफेयर चीजें होती हैं।

## रंग दे बसंती से लेकर युवा तक, सोशल मीडिया में कई फिल्मों के सीन हो रहे वायरल

# इन बॉलीवुड फिल्मों में दिखा विरोध प्रदर्शन का नया रूप

***नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों रंग दे बसंती से लेकर द लीजेंड ऑफ भगत सिंह जैसी फिल्मों के कई सीन वायरल हैं। वजह है दिल्ली के जंतर-मंतर पर हो रहा विरोध प्रदर्शन। प्रदर्शन के अलावा सोशल मीडिया पर विरोध जताने के लिए यूजर्स कई फिल्मों के अहम सीन भी शेयर करके अपने मन की बात बयां कर रहे हैं। भारतीय सिनेमा में भी कई ऐसी फिल्में बनी हैं जिनमें युवाओं को विरोध प्रदर्शन करते दिखाया गया है। आमिर खान की फिल्म रंग दे बसंती से लेकर मैं आजाद हूं तक कई फिल्मों में इसकी झलक देखने के मिली है।*

**रंग दे बसंती** : फिल्म रंग दे बसंती 2006 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में युवाओं के प्रदर्शन की ताकत को दिखाया था। फिल्म की कहानी कॉलेज लाइफ का लुफ्त उठाने वाला एक ग्रुप के बारे में थी, जो हमेशा राजनीति से दूर रहता है। एक डॉक्यूमेंट्री की शूटिंग करते वक्त वह स्वतंत्रता के लिए वह देश की आजादी के लिए लड़ने वाले चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, अशफाकुल्लाह खान और बिस्मिल के किरदार के बारे में पढ़ते और जानते हैं। आगे जब उनका एक दोस्त विमान हादसे में मारा जाता है उसके उन्हें लोकतंत्र का महत्व समझ आता है। युवा पीढ़ी पर बनी यह फिल्म दर्शकों को काफी पसंद आई थी। फिल्म का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया था। इसमें आमिर खान, सोहा अली खान, आर माधवन और शरमन जोशी जैसे कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।



**नो वन किल्ड जेसिका** : मशहूर जेसिका लाल हत्याकांड पर बनी फिल्म 'नो वन किल्ड जेसिका' में एकता की शक्ति को दिखाया गया है। फिल्म की कहानी जेसिका को न्याय दिलाने पर आधारित थी। जेसिका एक बार टेंडर थीं, जिनकी एक नेता के बेटे ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। फिल्म में जेसिका के निधन के बाद उसकी बहन सबरीना को न्याय पाने के लिए संघर्ष करते दिखाया गया है। इस फिल्म में दिखाया कि शांतिपूर्ण ढंग से भी प्रदर्शन किया जा सकता है। जेसिका के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए युवाओं और लोगों द्वारा किए गए कैंडल मार्च से लेकर पोस्टर मार्च तक, फिल्म में सच्चाई की जंग को दिखाया गया। इस फिल्म में विद्या बालन और रानी मुखर्जी मुख्य किरदार में थीं, निर्देशक राज कुमार गुप्ता थे।

**हासिल** : फिल्म 'हासिल' 2003 में रिलीज हुई थी। फिल्म के निर्देशन तिग्मांशु धूलिया ने किया था। कहानी प्रयागराज स्थित यूनिवर्सिटी में होने वाली स्टूडेंट पॉलिटिक्स के उतार-चढ़ाव के बारे थी। इसमें लव स्टोरी भी दिखाई गई जो इन सबके बीच फंसी हुई है। फिल्म स्टूडेंट पॉलिटिक्स के मुद्दे, एक्टिविज्म और जागरुकता को एक सधे हुए तरीके से पेश करती है। इसके साथ ही लोकतंत्र में युवाओं के भविष्य का महत्व भी समझाती है। फिल्म में जिमी शेरगिल, इरफान खान और आशुतोष राणा जैसे कलाकार मुख्य किरदारों में थे।

*__युवा__ : फिल्म 'युवा' 2004 में रिलीज हुई थी। इसकी कहानी समाज में होने वाली गुंडागर्दी और उसका कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चों पर होने वाले प्रभाव को भी दिखाया गया। अजय देवगन ने फिल्म में कॉलेज में पढ़ने वाले लड़के माइकल का किरदार निभाया। माइकल, जो कॉलेज का स्टूडेंट लीडर भी है और समाज में बदलाव भी लाना चाहता है पर राजनैतिक भष्ट नेताओं के कारण वह कई मुश्किलों से घिरा रहता है। माइकल पर कई हमले होते हैं। मगर वो उसका मनोबल नहीं तोड़ पाते। फिल्म का निर्देशन मणि रत्नम ने किया था। इसमें अजय के अलावा अभिषेक बच्चन, विवेक ओबेरॉय, रानी मुखर्जी, करीना कपूर और एशा देओल जैसे कलाकार थे।*

*__मैं आजाद हूं__ : फिल्म मैं आजाद हूं 1989 में रिलीज हुई थी। फिल्म का गाना 'इतने बाजू इतने सर' काफी मशहूर हुआ था। इस गाने को अमिताभ बच्चन ने खुद गाया था। फिल्म में एक महिला पत्रकार की करप्शन के खिलाफ जंग और और उसमें एक साधारण इंसान के भागदौड़ को दिखाया गया। फिल्म की पटकथा समाजिक एकता और संघर्ष के खिलाफ होने वाली लड़ाई से प्रभावित है। इस फिल्म में शबाना आजमी और अमिताभ बच्चन ने मुख्य किरदार निभाया था।*

## खबर संक्षेप

### अग्रणी किसानों को बीमा से जोड़ने गांवों में चलेगा अभियान

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026-27 में जिले के अधिक से अधिक किसानों को फसल बीमा का सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए कृषि विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते हुए 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि प्राकृतिक आपदाओं एवं प्रतिकूल मौसम से फसल को नुकसान होने की स्थिति में योजना के प्रावधानों के अनुसार आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो सके। खरीफ वर्ष 2026-27 में पात्र किसानों, विशेषकर अग्रणी कृषकों को अधिक से अधिक संख्या में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दायरे में लाने के लिए ग्राम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों के साथ ही बीटीएम, एटीएम एवं कृषक मित्रों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### मृतकों के परिजन के लिए सहायता राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 5 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 20 लाख रुए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा प्राकृतिक आपदा एवं आकस्मिक जनहानि के प्रकरणों में प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही प्राथमिकता के साथ पूर्ण की जा रही है।

### अधिक विद्यार्थियों को नवोदय चयन परीक्षा से जोड़ने की पहल

**जशपुरनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति (एनवीएस) ने कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार और अधिक से अधिक विद्यार्थियों के पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए, जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया है। नवोदय विद्यालय समिति के आयुक्त राजेश लखानी ने कलेक्टर रोहित व्यास को भेजे पत्र में जिले में संचालित जवाहर नवोदय विद्यालय के सफल संचालन में प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निरंतर सहयोग और संरक्षण के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में विद्यालय अपने उद्देश्यों की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से होता है। पिछले वर्ष इस परीक्षा के लिए देशभर में 25 लाख 99 हजार 277 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इस वर्ष समिति का लक्ष्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों, विशेष रूप से बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर केंद्रित है।

### मनोरा तहसील में सर्वाधिक 586.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 24 जुलाई तक 3391.3 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 24 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 4346.7 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 48.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है: तहसील जशपुर में 344.6 मिमी, मनोरा में 586.4 मिमी, कुनकुरी में 416.7 मिमी, दुलदुला में 256.0 मिमी, फरसाबहार में 201.0 मिमी, बगीचा में 247.3 मिमी, काँसाबेल में 372.8 मिमी, पत्थलगाँव में 325.5 मिमी, सन्ना में 448.9 मिमी एवं बागबहार में 192.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 586.4 मिमी दर्ज की गई है। 24 जुलाई को सर्वाधिक पत्थलगांव तहसील में 10.5 मिमी वर्षा हुई।

## वित्त मंत्री ने किया भूमिपूजन, 55 लाख सहायता की घोषणा

# मिरौनी में बनेगा सर्व सुविधायुक्त अस्पताल





**पुसौर।** चन्द्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट चंद्रपुर ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। ट्रस्ट द्वारा ग्राम मिरौनी में बनने वाले विशाल सर्व सुविधायुक्त अस्पताल का भूमिपूजन समारोह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी थे। इस अवसर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अस्पताल निर्माण के लिए 55 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल आने वाले समय में पूरे क्षेत्र के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

अब ग्रामीणों को इलाज के लिए रायगढ़, बिलासपुर जैसे बड़े शहरों की ओर भटकना नहीं पड़ेगा। समय पर इलाज मिल सकेगा और गरीब परिवारों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मां चन्द्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव एवं श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव उपस्थित रहीं। स्वागत उद्बोधन में ट्रस्ट के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल ने बताया कि मां चन्द्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज सेवा और गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य लगातार करता आ रहा है। इसी कड़ी में आज मिरौनी में बनने वाला यह सर्वसुविधायुक्त अस्पताल भी जनसेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की शुरुआत मां चन्द्रहासिनी माता के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके पश्चात ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने अतिथियों का शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां चन्द्रहासिनी मंदिर ट्रस्ट धार्मिक आस्था के साथ साथ मानव सेवा के क्षेत्र में भी अनुकरणीय कार्य कर रहा है। उन्होंने प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मिरौनी का यह अस्पताल पूरे अंचल के लिए वरदान साबित होगा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक नई पहचान बनाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी, श्रद्धालु जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पूरे कार्यक्रम के दौरान जय मां चन्द्रहासिनी के जयघोष से वातावरण भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण बना रहा। इस अवसर पर शक्ति जिले के पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, समेत मां चन्द्रहासिनी विद्यापीठ के छात्र-छात्राएं मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

### वित्त मंत्री ने किया कलाकारों, शिक्षाविदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा सुशासन और जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ शहर के विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजनों एवं सम्मानित नागरिकों से उनके निवास पर पहुंचकर आत्मीय मुलाकात करते हुए तथा संवाद स्थापित किया।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने चाँदनी चौक स्थित संगीत एवं नृत्य गुरु शरद वैष्णव से भेंट कर उनके कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में योगदान की सराहना की। फ्रेंड्स कॉलोनी, कोतरा रोड बायपास में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय रामकुमार अग्रवाल के पुत्र डॉण राजू अग्रवाल से मुलाकात कर उनका सम्मान किया। साथ ही सुभाष नगर, कोतरा रोड में भारतीय मजदूर संघ के वरिष्ठ नेता एलपी कटकवार से भेंट कर विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। इसी क्रम में उन्होंने पूर्व प्राचार्य एवं सरस्वती शिशु मंदिर से जुड़े वरिष्ठ शिक्षाविद् बाबूलाल चंद्रा से भी मुलाकात की। वित्त मंत्री ने प्रतिष्ठित शिक्षाविद एवं पेंटिंग आर्टिस्ट पीएस खोडियार, सेवानिवृत्त प्राध्यापक प्रताप खुरियार तथा श्रीमती कल्याणी मुखर्जी से भी उनके निवास पर पहुंचकर आत्मीय संवाद किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सभी प्रबुद्ध जनों सम्मानित नागरिकों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित करते हुए रामचरितमानस की प्रति भेंट की। उन्होंने कहा कि समाज के वरिष्ठ एवं प्रबुद्ध नागरिकों का अनुभव, ज्ञान और मार्गदर्शन राष्ट्र निर्माण की अमूल्य पूंजी है। उनके विचार और जीवनानुभव नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## आईटीआई भवन में किया गया औद्योगिक प्रशिक्षण का शुभारंभ



**रायगढ़।** युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में तमनार क्षेत्र के युवाओं को उद्योग आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन और जिंदल पावर तमनार के बीच विशेष पहल की गई है। इसी पहल के तहत बुधवार को तमनार स्थित शासकीय आईटीआई भवन में जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से क्षेत्र के युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में तकनीकी कौशल प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त हो सकें।

कार्यक्रम में एडीएम अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने कहा कि युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कौशल विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान समय में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित युवाओं की मांग बढ़ रही है। ऐसे में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि तीन माह का प्रशिक्षण पूरा करने के बाद युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। युवाओं को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि वे प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता और अनुशासन के साथ पूरा करें तथा अपनी योग्यता और संभावनाओं का दायरा बढ़ाएं।

#### प्रशिक्षण के बाद मिलेगी टूलकिट और प्लेसमेंट में सहयोग

जिंदल पावर के एवीपी यसीएसआर ऋषिकेश राय शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा, जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और जिंदल पावर के सहयोग से यह पहल धरातल पर साकार हो रही है। उन्होंने बताया कि युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के लिए ओपीजेसी पूंजीपथरा के साथ समन्वय किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण अवधि पूरी होने के बाद सभी प्रशिक्षार्थियों को आवश्यक टूलकिट और ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही योग्य युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए प्लेसमेंट में भी सहायता प्रदान की जाएगी।

## चयनित कृषकों को मुर्गी पालन सामग्री का वितरण



**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर एवं आसपास के चयनित कृषकों को मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चूजा, दाना एवं वैक्सीन का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य किसानों को कृषि के साथ साथ पशुपालन एवं कुक्कुट पालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाना है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत चंद्रपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोहन विश्वकर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ मनोनीत पार्षद एल्डरमेन गौरी गुप्ता एवं गिरजा शंकर यादव, प्रभारी कृषि विकास अधिकारी राजेंद्र पटेल तथा ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी डीएल सोनवानी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने योजना के तहत चयनित हितग्राही कृषकों को मुर्गी पालन के लिए आवश्यक चूजे, दाना एवं वैक्सीन का वितरण किया। इस दौरान किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से मुर्गी पालन करने, नियमित टीकाकरण कराने तथा संतुलित आहार देने की जानकारी भी दी गई, ताकि वे बेहतर उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि कर सकें। अधिकारियों ने कहा कि राज्य शासन की विभिन्न कृषि एवं पशुपालन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाना और कृषि के साथ अतिरिक्त आय के स्रोत उपलब्ध कराना है।

## हर पैडल के साथ बढ़ेंगे सपने, शिक्षा की राह हुई आसान



**रायगढ़।** सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामभांठा में कक्षा नवमी के छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा उपलब्ध कराना, उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम के सभापति डिग्री लाल साहू रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में संकुल प्राचार्य बरतराम पटेल, हायर सेकेंडरी स्कूल शाला विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप खलखो, माध्यमिक शाला शाला विकास समिति के अध्यक्ष बबलू गुप्ता, वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद श्रीमती नेहा देवांगन, विजय प्रताप एवं बजरंग ब्रज उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी प्राचार्य नरेन्द्र कुमार पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना केवल एक साइकिल वितरण कार्यक्रम नहीं, बल्कि छात्राओं के सपनों को गति देने वाली पहल है। उन्होंने छात्राओं से नियमित विद्यालय आने, सुरक्षित ढंग से साइकिल का उपयोग करने तथा मन लगाकर अध्ययन कर अपने परिवार, विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन करने का आह्वान किया। पटेल ने शासन की इस जनहितकारी योजना के लिए छत्तीसगढ़ शासन के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## सच्चा नेतृत्व शक्ति प्रदर्शन नहीं, अपने लोगों का कल्याण सुनिश्चित करना है: शर्मा



**रायगढ़।** ओपी जिंदल स्कूल सावित्रीनगर में नवगठित छात्र परिषद के शपथ व पद ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। अग्नि, नीर, वायु और व्योम सदनों के हाउस कैप्टन तथा नवनिर्वाचित स्टूडेंट काउंसिल के सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व स्कूल के प्राचार्य राकेश शर्मा प्रधानाध्यापक, सीसी प्रभारी शिक्षकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य श्री शर्मा ने कहा कि सच्चा नेतृत्व शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि जिम्मेदारी निभाने और अपने नेतृत्व में रहने वालों के कल्याण को सुनिश्चित करना का नाम है। प्राचार्य शर्मा ने नवनिर्वाचित परिषद के पदाधिकारी व सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक एवं समर्पण भाव से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्कूल की पहचान उसके विद्यार्थी ही होते हैं। श्री शर्मा ने छात्र नेताओं को स्मरण दिलाया कि विद्यालय का ध्वज धारण करना केवल सम्मान ही नहीं बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से आदर्श बनकर नेतृत्व करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम में नव निर्वाचित छात्र नेताओं को उत्तरदायित्व के प्रतीक स्वरूप छात्र नेताओं को सैष एवं बैज दिए गए। ये सैष और बैज उनके लिए, स्कूल के आदर्शों मूल्यों एवं परंपराओं के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## साढ़े 8 किलो गांजा के साथ हरियाणा के दो तस्कर साथ गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** सलिहा पुलिस ने हरियाणा के दो युवकों को 8.656 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा एक मोटर साइकिल भी जब्त की है। टीआई पुरेन्द्र मल्होत्रा के नेतृत्व में 23 जुलाई को मुख्य मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान बसना की ओर से आ रही मोटर साइकिल चालक को रोककर जांच की गई तलाशी के दौरान चालक ओमप्रकाश सिंह 29 निवासी ग्राम बनचरी जिला पलवल हरियाणा के कंधे पर रखे बैग से 5.175 किलोग्राम गांजा तथा पीछे बैठे जीतन 23 निवासी हसनपुर, जिला पलवल हरियाणा के पास से 3.479 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों के कब्जे से कुल 8.656 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।


## तेज रफ्तार बेकाबू कार की टक्कर से उपसरपंच की पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांसाबेल

**कांसाबेल-बगीचा स्टेट हाईवे पर शांति नगर स्थित शिवांश मार्ट के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है।**

- कार का एयर बैग खुलने से बची चालक की जान

बगीचा रोड की ओर जा रही एक तेज रफ्तार बेकाबू कार क्रमांक सीजी 14 एमएस 3932 ने सड़क किनारे खड़ी कांसाबेल उपसरपंच अमित जिंदल की गाड़ी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उपसरपंच की कार सड़क किनारे बाई ओर खेत में जा गिरी, जबकि अनियंत्रित बेकाबू कार सड़क पार कर पास ही बने एक मकान के अंदर जा घुसी। इस हादसे में दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए हैं और भारी वित्तीय नुकसान हुआ है। उपसरपंच की पत्नी घायल, नशे में धुत चालक बाल-बाल बचा दुर्घटना के समय उपसरपंच अमित जिंदल गाड़ी में मौजूद नहीं थे, लेकिन उनकी पत्नी कार के अंदर बैठी हुई थीं। हादसे में उन्हें सिर पर चोट आई है। उपसरपंच ने बताया कि दुर्घटनाकारित वाहन को उसका मालिक नयन सुख कुजूर स्वयं चला रहा था और वह अत्यधिक नशे की हालत में धुत था। गाड़ी की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह वाहन पर से संतुलन खो बैठा। गनीमत यह रही कि दुर्घटना के वक्त बेकाबू कार के एयरबैग (एयर बलून) खुल गए, जिससे नशे में धुत चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं और एक बड़ा जानलेवा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही कांसाबेल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



### कक्षा 6वीं प्रवेश काउंसलिंग निरस्त

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 14 जुलाई 2026 को जिला स्तर पर आयोजित काउंसलिंग को निरस्त कर दिया गया है। आयुक्त, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी निर्देश 21 जुलाई 2026 के अनुसार यह निर्णय लिया गया है।

## आत्मानंद स्कूल जशपुर में साईकिल वितरित

**जशपुरनगर।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को धरातल पर उतारते हुए, राज्य सरकार की निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श विद्यालय जशपुर नगर में सोमवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय परिसर में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत 63 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जशपुर नगर पालिका के अध्यक्ष अरविंद कुमार भगत रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सभी 63 छात्राओं को साइकिल की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरविंद कुमार भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री की यह योजना दूरस्थ अंचलों से आने वाली बेटियों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। अब छात्राओं को स्कूल आने-जाने में 4-5 किलोमीटर पैदल नहीं चलना पड़ेगा। समय की बचत होगी और वे पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाएंगी। सरकार की मंशा है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद प्रेमशिला साहू, पूर्व पार्षद गणेश साहू, पिंकी लकड़ा, जनप्रतिनिधि अमित साय उपस्थित थे। साथ ही स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय बिहारी, विद्यालय के भूतपूर्व शिक्षक सत्यनारायण पाठक एवं बड़ी संख्या में छात्राओं के पालकगण कार्यक्रम में शामिल हुए।


TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE — ADMISSION GUIDENS 2026-27 — SC/ST/OBC FEE Discount 20%


| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742









## खबर संक्षेप

### खेतों के बोर पंप से लगातार हो रही चोरी

**पुसौर।** किसानों के खेतों में नलकुपों से आए दिन केबल तार, स्टार्टर आदि चोरी होने का मामला सामने आते रहा है। जिसमें कई किसान तो प्रशसनिक परेशानी के कारण रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते हैं वहीं कुछ किसान जागरूकता और इस तरह की परेशानी की पुनरावृत्ति न हो इस आशय से रिपोर्ट दर्ज कराते रहे हैं। पुसौर तहसील व जुटमिल थाना रायगढ़ क्षेत्र के ग्राम नेतनागर में इस तरह की चोरी हुई जिसे किसान नेता लल्लूसिंह अपने किसान साथियों के साथ जूटमिल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम नेतनगर निवासी बीजराम गुप्ता पिता बीरबलराम गुप्ता 45 साल के खेत में लगे तार का केवल गायब है। प्रार्थी ने बताया कि 22 जुलाई को सुबह खेत की देखरेख के लिए गए तो पता चला कि बचे हुए तार का केवल भी चोरी हो गया है। इस तरह चोरों ने दो दिन में 2 हजार से अधिक कीमत की तार चोरी कर लिया। शिकायत के आधार पर जूटमिल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### सप्ताहभर में बना विवाह प्रमाणपत्र

**रायगढ़।** पुसौर तहसील के गोर्रा निवासी योगेंद्र निराला का सेवा सेतु के माध्यम से सप्ताह भर के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। गत दिवस उन्होंने निकटतम लोक सेवा केंद्र सेवा सेतु के माध्यम से विवाह प्रमाणपत्र के लिए आवेदन किया था। आवेदन की प्रक्रिया बेहद सरल रही और ऑनलाइन एकीकृत व्यवस्था के कारण उनका आवेदन शीघ्र संबंधित अधिकारियों तक पहुंच गया और निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें महज 7 से 10 दिनों के भीतर विवाह प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया। योगेंद्र निराला का कहना है कि सेवा सेतु के माध्यम से अब सरकारी सेवाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान और पारदर्शी हो गई हैं।

### भटगांव पुलिस ने किया 3 शराब कोचिया गिरफ्तार

**सारंगढ़।** थाना प्रभारी शिवकुमार धारी ने छापेमारी कर अवैध महुआ शराब हाथ भट्ठी बिक्री करने वाले को पकड़ा है। आरोपी हरि बंजारे पिता रामनाथ बंजारे 39 निवासी भटगांव वार्ड 9 थाना भटगांव के कब्जे से 7 लीटर शराब, आरोपी ईश्वर कुर्रे पिता घसीया कुर्रे 50 जुनवानी के कब्जे से साढ़े 6 लीटर, लक्ष्मण गोड पिता देव सिंह 20 सबरिया डेरा सलोनीकला से 9 लीटर शराब जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जिसे न्यायालय द्वारा न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### 30 जुलाई तक अनिवार्य रुप से कराएं ई केवाईसी

**रायगढ़।** श्रम विभाग ने छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत सभी श्रमिकों से अपने श्रमिक कार्ड की जानकारी का सत्यापन एवं ई केवाईसी निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने की अपील की है। ई.केवाईसी कराने की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। समय पर ई.केवाईसी एवं जानकारी अपडेट नहीं कराने वाले श्रमिक भविष्य में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

### सुदामा बनीं लखपति दीदी

**रायगढ़।** कभी खेती बाड़ी तक सीमित रहने वाली लैलूंगा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम रुपडेगा की श्रीमती सुदामा रावत की जिंदगी अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ने के बाद उन्होंने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति बदली, बल्कि अपने हौसले, मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर लखपति दीदी बनने का गौरव भी हासिल किया। सरस्वती स्व सहायता समूह की सदस्य सुदामा रावत ने शुरुआत में समूह से मिली सामुदायिक निवेश निधि सीआईएफ का उपयोग खेती बाड़ी के लिए किया। खेती से परिवार की जरूरतें तो पूरी हो जाती थीं, लेकिन उन्होंने यहीं रुकने के बजाय कुछ बड़ा करने का सपना देखा।

## बारिश में तीन गांव तीन महीने के लिए हो जाते हैं कट स्कूली बच्चों को पानी के बहाव में करना पड़ता है नाला पार

# 100 मीटर पुल, पांच दशक का इंतजार, कब पूरा होगा सरकार



- क्रोंधा से खड़गांव तक पांच दशक से पुल की मांग, अब तक नहीं हुई पूरी, हर बार मिलता है आश्वासन का झुनझुना
- सबसे ज्यादा दिक्कत होती है स्कूली बच्चों को, बारिश हुई तो छुट्टी या फिर बहते पानी में जाना पड़ता है



### कई बार नहीं जाते स्कूल

क्रोंधा के करीब 50 बच्चे खड़गांव स्कूल पढ़ने जाते हैं। बारिश होती है तो कई बार बच्चे या तो स्कूल जाते ही नहीं, और जाते भी हैं तो जान जोखिम में डाल कर नदी का बहाव पार कर जाते हैं। उनको दो जोड़ी कपड़ा रखना पड़ता है। यदि स्कूल गए हैं और तेज बारिश हो गई तो या तो उनको वहां ठहरना पड़ता है या फिर करीब 20 किमी दूरी तय करके उनके परिजन उनको लेने जाते हैं। कुल मिलाकर सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। गांव के लोग बाजार भी नहीं जा पाते हैं।

### कई बार हो चुका है हादसा

इस सरिया नाले की तेज बहाव में कई बार हादसा हो चुका है। क्रोंधा गांव के सरपंच राम रतन सिंह राठिया बताते हैं, जब बारिश होती है तो नाले में पानी भर जाता है। तब खड़गांव से पूरी तरह से संपर्क टूट जाता है। इस नाले में पुल निर्माण के लिए सैकड़ों बार मांग की जा चुकी है, लेकिन केवल आश्वासन का झुनझुना ही मिलता है। सरपंच श्री राठिया का कहना है कि वे इस नाले को पैदा होने के बाद से ही इसी तरह के हालात में देख रहे हैं। कभी इसे बनाने की पहल नहीं हुई। वे 2015 में सरपंच बने थे तब मांग की थी। सरपंच श्री राठिया बताते हैं यहां अब तक दर्जन भर से अधिक बार हादसा हो चुका है, बहते हुए पानी में कई लोग बह चुके हैं। हालांकि उनको किसी तरह बचा लिया गया। जानमाल की नुकसान कभी हुआ नहीं है, लेकिन उनके मन में हमेशा डर बना रहता है।

### 11 करोड़ का बना है प्रपोजल

अभी बनी तो है 11 करोड़ का प्रपोजल, लेकिन कब इसकी स्वीकृति मिलेगी कोई गारंटी नहीं है। सेतु निगम के ईई संतोष भगत ने बताया कि क्रोंधा से खड़गांव के बीच करीब 105 मीटर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए करीब 10 करोड़ 70 लाख का प्रपोजल उच्च कार्यालय भेजी गई है। वहां से स्वीकृति बहुत जल्द मिलने की उम्मीद है। जैसे स्वीकृति मिलेगी वैसे ही वहां काम चालू हो जाएगा।

क्रोंधा से खड़गांव के बीच करीब 105 मीटर उच्च स्तरीय पुल निर्माण के लिए 10 करोड़ 70 लाख का प्रपोजल भेजा गया है। उच्च कार्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद काम चालू हो जाएगा।

**संतोष भगत, ईई सेतु निगम**

पांच दशक से में ही देख रहा हूं यहां नाला की स्थिति ऐसी है। कई बार मांग की जा चुकी है, आश्वासन मिलता है, लेकिन अब तक पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों को बारिश में भारी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। प्रपोजल की बात तो उनको नहीं पता है।

राम रतन सिंह राठिया,
सरपंच क्रोंधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़/छाल

पीठ पर बस्ते का बोझ, हाथ में चप्पल और घुटने से उपर स्कूली ड्रेस को समेटे इन बच्चियों की आंखो में नजर आ रही बेबसी इस बात की गवाह है कि हम आधुनिकता के इस चकाचौंध में भी आज लालटेन युग में जीने को मजबूर हैं। विकास के बड़े-बड़े दावे अखबारों और टीवी चैनलों में सुर्खियां तो बटोर सकती है, लेकिन ऐसे सैकड़ों गांव हैं जहां यह विकास अब तक पहुंची नहीं है।

इसकी एक छोटी सी बानगी आज हम बताने की कोशिश कर रहे हैं जहां 100 मीटर की पुल के लिए पांच दशक से इंतजार तो हो रहा है, लेकिन पूरी नहीं हो पा रही है। हालात यह है कि धरमजयगढ़ ब्लॉक के क्रोंधा से खड़गांव के बीच सरिया नाला से गुजरने वाले तीन गांव पूरी तरह से जहां कट जाते हैं। वहीं स्कूली बच्चों को पानी की तेज बहाव के बीच पार कर स्कूल जाना पड़ता है। कई बार तो नौबत यहां तक आ जाती है कि नाले में पानी भरने की वजह से दूसरे गांव में रात भी गुजारनी पड़ जाती है। इस तरह के हालात बारिश के तीन महीने यहां रहती है। इस दौरान जब कोई बीमार पड़ जाता है तो समझ लिजिए राम भरोसे ही रहना पड़ता है। कारण पानी भरे होने की वजह से खड़गांव अस्पताल जाने में दिक्कत होती है। करीब 20 किमी का सफर करके दूसरे गांव होकर जाना पड़ता है। इस बीच यदि बीमार व्यक्ति गंभीर है तो परेशानी और बढ़ जाती है।

धरमजयगढ़ ब्लॉक के क्रोंधा गांव की जनसंख्या 1500 के आसपास है। यहां तीन मोहल्ले हैं, नयाडीही, पतरापारा और फुटहामुड़ा। क्रोंधा गांव का आना- जाना वहां के सबसे बड़े गांव खड़गांव में है। क्योंकि वहां स्कूल से लेकर अस्पताल और हर मंगलवार को बाजार लगता है। ऐसे में क्रोंधा गांव का अधिकांश काम खड़गांव में ही पूरा होता है, लेकिन बारिश के समय करीब तीन महीने इस गांव में जाने के लिए लोगों को भारी तकलीफ होती है। बारिश होती है तो दोनों गांव के बीच स्थित सरिया नाला में पानी का तेज बहाव रहता है। स्कूली बच्चियों को इस बहाव को पार कर स्कूल जाना पड़ता है। बच्चियां इस छोर में साइकिल को छोड़ देती हैं और पैदल नदी पार कर खड़गांव स्कूल जाते हैं। साथ में एक एक्स्ट्रा ड्रेस भी रखते हैं। कारण कई बार ड्रेस पानी में भीग जाता है। स्कूल में जाकर कपड़ा बदलना पड़ता है।



## चंद्रपुर को मिलेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिले के चंद्रपुर स्थित चन्द्रहासिनी विद्यापीठ परिसर में गुरुवार को माँ चन्द्रहासिनी आरोग्य धाम का विधिवत भूमिपूजन छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह बहुउद्देशीय चिकित्सालय क्षेत्र के लोगों को आधुनिक सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। आने वाले समय में यह आरोग्य धाम जनसेवा का महत्वपूर्ण केंद्र बनकर पूरे क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करेगा।

वित्त मंत्री ने कहा कि श्री गोपाल महाप्रभु एवं माँ चन्द्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास वर्षों से शिक्षा सेवा और समाजहित के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। ट्रस्ट द्वारा संचालित सीबीएसई विद्यालय ने क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की है और अब आरोग्य धाम की स्थापना से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी एक नई शुरुआत होगी। उन्होंने ट्रस्ट के संरक्षक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल तथा सभी न्यासियों को इस जनकल्याणकारी पहल के लिए दीं। मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि माँ चन्द्रहासिनी शक्तिपीठ पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इस क्षेत्र से उनका वर्षों पुराना आत्मीय संबंध रहा है और प्रशासनिक सेवा के दौरान भी उन्हें चंद्रपुर के विकास के लिए कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल, विद्यालय अथवा ट्रस्ट से जुड़े किसी भी विकास कार्य में यदि शासन या प्रशासनिक स्तर पर कोई औपचारिक बाधा आती है तो राज्य सरकार हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

### अस्पताल निर्माण के लिए करोड़ों की सहायता

कार्यक्रम के दौरान अस्पताल निर्माण के लिए समाजसेवा का भी बड़ा उदाहरण देखने को मिला। प्रहलादराय अग्रवाल एंड संस चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 1 करोड़ 1 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा की गई। वहीं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी अस्पताल निर्माण के लिए 51 लाख रुपए की घोषणा की। इसके अलावा कई अन्य दानदाताओं ने भी आरोग्य धाम के निर्माण में आर्थिक सहयोग देने की घोषणा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से बंद पड़ा माँ चन्द्रहासिनी महोत्सव पुनः प्रारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं ट्रस्ट संरक्षक गौरीशंकर अग्रवाल, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, ट्रस्ट अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल, संयोगिता सिंह जूदेव, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, ट्रस्ट के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी, श्रद्धालु एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## अधूरे गौरव पथ को लेकर कांग्रेस का अल्टीमेटम निर्माण चालू नहीं होने पर कीचड़ में धरना

**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ के अधूरे गौरव पथ निर्माण को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ के उपाध्यक्ष भागवत प्रसाद साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के नाम तहसीलदार बिलाईगढ़ को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ कराने की मांग की।



ज्ञापन में कहा गया है कि गौरव पथ कॉलेज, अस्पताल, तहसील, एसडीएम कार्यालय, छात्रावास सहित कई महत्वपूर्ण संस्थानों तक पहुंचने का प्रमुख मार्ग है। लंबे समय से निर्माण कार्य अधूरा होने तथा बारिश के कारण सड़क पर कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है, जिससे स्कूली बच्चे, छात्र छात्राएंए मरीज एवं आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को तीन दिवस के भीतर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्य शुरू नहीं किया गया तो अधूरे गौरव पथ पर कीचड़ में बैठकर शांतिपूर्ण एवं सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर केशव साहू, अहमद खान, राकेश मानिकपुरी, अमृत साहू, उजाला साहू, चीकू, सोनू, आदित्य, तुषार, बालकृष्ण, राकेश सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### महानदी किनारे हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**चंद्रपुर।** पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के निर्माण तथा आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से महानदी के किनारे लात नाका स्थित खनिज जांच चौकी के पीछे व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ता प्रभात अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषणए लगातार बढ़ते तापमान और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल भी करें।

## नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**सरिया।** सरिया में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी और पेपर लीक के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में प्रदर्शन किया। इस दौरान पुतला दहन किया गया।

प्रदर्शन का नेतृत्व प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी शरद यादव ने किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया में गुरुवार की शाम कांग्रेस द्वारा नीट पेपर लीक मामले पर रैली निकाल कर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पैदल मार्च करते हुए अटल चौक से गांधी चौक पहुंचे और यहां से फिर अटल चौक पहुंचकर केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक आवाजों को दबाया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस पदाधिकारी शरद यादव ने कहा कि राहुल गांधी को रोकना और छात्रों पर की गई कार्रवाई लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस युवाओं के अधिकारों और पेपर लीक मुद्दे पर अपना संघर्ष जारी रखेगी। इस मौके पर एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष सरिया निखिल डनसेना ने पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

## अब स्कूल जाने में नहीं होगी दिक्कत नवमीं के छात्रों को मिली साइकिल

**कुडेकेला।** बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत लाभार्थी छात्राओं को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में मुख्य अतिथि श्रीमती गीजे बाई संत राम राठिया सरपंच कुडेकेला, विशिष्ट अतिथि अनिल साव उपसरपंच, भूतपूर्व सरपंच संत राम राठिया, भूतपूर्व उप सरपंच प्रवीण गुप्ता, भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप यादव शिक्षाविद राम प्रसाद राठिया, महेश राम राठिया, ओम नारायण कुंवर कुडेकेला, जनप्रतिनिधियों पालकों के मध्य साइकिल वितरण किया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुडेकेला में हाथी प्रभावित क्षेत्रों के बहुतायत गांव से बालिकाएं पढ़ने आते है।



## ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में ओपीजेएस का शानदार प्रदर्शन

**रायगढ़।** ओपी जिंदल स्कूल ओपीजेएस रायगढ़ के विद्यार्थियों ने सीबीएसई फार ईस्ट ज़ोन ताइक्वांडो चैम्पियनशिप 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम पूरे क्षेत्र में गौरवान्वित किया। 19 से 22 जुलाई तक पुरुलिया पश्चिम बंगाल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 11 राज्यों से 1300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। ओपीजेएस रायगढ़ के 10 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें विद्यालय के मानशी पटेल, याशिका पटेल, एवं वाशु शर्मा ने स्वर्ण एवं साई पावनी तथा कनिष्का महंती ने



कांस्य पदक जीतकर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। वहीं शांभवी सिंह, ईशान पटेल, निहाल ठक्कर एवं वाची शर्मा ने अपने अपने मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कड़ी टक्कर दी और क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के बाद पराजित हुए, जिससे उनकी प्रतिभा और संघर्षशीलता का परिचय मिला। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य आरके त्रिवेदी ने सभी पदक विजेताओं, प्रतिभागियों, कोच एवं मैनेजर को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विशेष रूप से 20 सितंबर 2026 से पानीपत हरियाणा में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि विद्यालय के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाएंगे।

### 27 से 29 जुलाई तक होने वाली हैंडबॉल प्रतियोगिता में लेंगे भाग

## भुवनेश्वर रीजन के क्लस्टर हैंडबॉल स्पर्धा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

भुवनेश्वर रीजन के अंतर्गत बिलासपुर क्लस्टर हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 24 जुलाई तक पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ छत्तीसगढ़ में सफलतापूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में बिलासपुर क्लस्टर के 06 जवाहर नवोदय विद्यालयों के अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 वर्ग के कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया।





दो दिवसीय प्रतियोगिता में सभी टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए, जिनमें प्रतिभागियों ने अनुशासन, खेल भावना, टीमवर्क एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 48 प्रतिभागियों का चयन रीजनल स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया है। चयनित प्रतिभागी 27 से 29 जुलाई तक आयोजित होने वाली भुवनेश्वर रीजनल स्तर की हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे। यह रीजनल स्तर की प्रतियोगिता भी पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, भूपदेवपुर, रायगढ़ छत्तीसगढ़ में ही आयोजित की जाएगी।

विद्यालय प्रशासन ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं सहयोगी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के पीईटी -एम एवं पीईटी -एफ का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन, समन्वय एवं अथक प्रयासों से प्रतियोगिता सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुई। साथ ही, इस प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग प्रदान करने हेतु बाहर से पधारे तीन विशेष आमंत्रित सहयोगियों/खेल विशेषज्ञों का विद्यालय परिवार की ओर से विशेष धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्वपूर्ण सहायता मिली।

